राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने बिहार राज्य सूचना आयोग के नवनियुक्त राज्य मुख्य सूचना आयुक्त श्री नरेन्द्र कुमार सिन्हा को पद की शपथ दिलायी

पटना, 17 सितम्बर 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज राजभवन में पूर्वाह्न 11:00 बजे बिहार राज्य सूचना आयोग के राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में श्री नरेन्द्र कुमार सिन्हा, (सेवानिवृत्त भा॰प्र॰से॰ 1980) को पद की शपथ दिलायी।

शपथ–ग्रहण–समारोह में महामहिम राज्यपाल ने राज्य मुख्य सूचना आयुक्त को भय या पक्षपात तथा अनुराग या द्वेष रहित होकर तथा संविधान और विधियों की मर्यादा के अनुकूल अपने पद के कर्त्तव्यों के निर्वहन की शपथ दिलायी।

शपथ–ग्रहण–समारोह में राज्य सूचना आयोग के दो राज्य सूचना आयुक्त– सर्वश्री ओमप्रकाश एवं श्री प्रमोद कुमार ठाकुर भी उपस्थित थे।

समारोह में बिहार के मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार तथा राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री चैतन्य प्रसाद भी मौजूद थे।

....